आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 गुरूवार दिनांक 12.09.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

- **आज से रायपुर में शुरू हुई दो दिवसीय कलेक्टर कॉन्फ्रेंस—मुख्यमंत्री, विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की कर रहे हैं समीक्षा।**
- **प्रदेश में आज से आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार शुरू हो गया है।**
- **राज्य के पुलिस विभाग में तीन सौ इकतालीस रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया प्रारंभ हुई।**
- **कांकेर जिले में आज चार माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण।**

**कलेक्टर कॉन्फ्रेंस—01**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज से रायपुर में राज्य के विभिन्न जिलों के कलेक्टरों के साथ योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे हैं। यह कलेक्टर कॉन्फ्रेंस दो दिनों तक चलेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की योजनाएं पूरी पारदर्शिता के साथ क्रियान्वित की जाएं और इनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। श्री साय ने कुछ जिलों में आम जनता और स्कूली छात्रों से शासकीय अधिकारियों द्वारा किए गए दुर्व्यवहार पर सख्त नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ आम जनता की समस्याओं को सुनें और उसका शीघ्र निराकरण करें। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों से कहा कि स्थानीय स्तर पर समस्याओं का निपटारा किया जाए, ताकि लोगों को भटकना न पड़े। मुख्यमंत्री ने सारंगढ़, बस्तर और खैरागढ़ में राजस्व मामलो की धीमी गति पर नाराजगी जताई। उन्होंने राजस्व संबंधी सभी कार्य जैसे — नामांतरण, सीमांकन आदि को समय—सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। मनरेगा के तहत बस्तर में मानव दिवस का सृजन कम होने पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई।

श्री साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासों के निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा। उन्होंने बताया कि पंद्रह सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पीएम आवास योजना की पहली किश्त जारी करेंगे। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए गरियाबंद जिले के सूपेबेड़ा में किडनी की बीमारी की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय करने और आवश्यक होने पर दिल्ली से विशेषज्ञ बुलाकर सेवाएं लेने की बात कही।

**कलेक्टर कॉन्फ्रेंस—02**

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल विकास योजना की समीक्षा करते हुए खैरागढ़, सारंगढ़, सक्ती और रायगढ़ जिले में इस योजना के तहत कोई प्रगति न होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने आयुष्मान पंजीयन का कार्य सभी जिलों में आगामी छह महीने के भीतर शत—प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही जो पीएम जनऔषधि केन्द्र अभी संचालित नहीं हो रहे हैं, उन्हें भी जल्द शुरू करने और हर जिले में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने सुकमा और बलरामपुर जिले में साइकिल वितरण न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री साय ने कहा कि सत्र शुरू होते ही साइकिल वितरण हो जाना चाहिए। जर्जर स्कूलों की स्थिति पर भी चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों की जांच कर संबंधित ठेकेदोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिव्यांग के लिए विशेष विद्यालय और अस्पताल के संबंध में अगले छह महीने के भीतर कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

**केंद्रीय मंत्रिमंडल—मंजूरी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कल केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। इनमें सत्तर वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना में शामिल करना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण को मंजूरी देना, मौसम मिशन योजना और अड़तीस हजार से अधिक इलेक्ट्रिक बसों को संचालित करने जैसी योजनाएं शामिल हैं। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी

वैष्णव ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना में वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख रुपये तक के निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी।

बैठक में मौसम और जलवायु संबंधी सटीक जानकारी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मौसम पूर्वानुमानों में अधिक सक्षमता हासिल करने के लिए 'मिशन मौसम' योजना को मंजूरी दी गई।

## केंद्रीय राज्यमंत्री–रैपिड ट्रांजिट कॉरिडोर

केंद्रीय आवास और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने मंत्रालय के अधिकारियों को छत्तीसगढ़ में मास रैपिड ट्रांजिट कॉरिडोर को विकसित करने की संभावनाओं को तलाशने के निर्देश दिए हैं। श्री साहू ने कल नई दिल्ली में शहरी कार्य मंत्रालय के ओएसडी जयदीप कुमार के साथ बैठक की। इस बैठक में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के तीन प्रमुख औद्योगिक शहरों – दुर्ग, भिलाई और रायपुर के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई। इसके लिए मेट्रो, मोनो रेल सहित परिवहन के विभिन्न विकल्पों पर विचार किया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि इन शहरों के बीच रैपिड ट्रांजिट कॉरिडोर बनने से न सिर्फ रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि लोगों को अच्छी शिक्षा के अवसर भी प्राप्त होंगे। श्री साहू ने अधिकारियों को इस बारे में एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

## प्रधानमंत्री–आवास प्लस एप्लीकेशन

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया है कि आगामी पंद्रह सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'आवास प्लस' एप्लीकेशन का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल जुड़कर लगभग साढ़े पांच लाख पात्र नागरिकों के खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त जमा करेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि आवास प्लस की सूची में यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि जो पात्र नागरिक अभी तक छूटे हुए हैं, उनके नाम पंद्रह सितंबर के बाद जोड़े जा सकेंगे।

## आंगनबाड़ी–वजन त्यौहार

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आज से प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार शुरू हो गया है। राज्य की महिला बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री  लक्ष्मी राजवाड़े ने आज सूरजपुर जिले के वीरपुर आंगनबाड़ी केन्द्र से इस अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने वजन त्यौहार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वजन त्यौहार कार्यक्रम के तहत तेईस सितंबर तक आंगनबाड़ी केन्द्रों में छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों का वजन और उनकी ऊंचाई नापकर कुपोषण की स्थिति का पता लगाया जाएगा।

## पुलिस विभाग–भर्ती प्रक्रिया

राज्य के पुलिस विभाग में तीन सौ इकतालीस रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। इनमें सर्वाधिक दो सौ अठहत्तर पद सब इंस्पेक्टर के हैं। वहीं, उन्नीस पद सूबेदार के, ग्यारह उप निरीक्षक विशेष शाखा और चौदह प्लाटून कमांडर सहित अलग–अलग पद शामिल हैं।

## राज्यपाल–स्काउट गाइड

राज्यपाल रमेन डेका को आज राजभवन में छत्तीसगढ़ स्काउट–गाइड के मुख्य संरक्षक अलंकरण बैज लगाकर सम्मानित किया गया। राज्यपाल को संस्था के पदाधिकारियों ने भारत स्काउट गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय से प्राप्त बैज पहनाया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि स्काउट–गाइड की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा बच्चे स्काउट गाइड में शामिल हो, जिससे उनमे अनुशासन और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा मिलेगा।

## चिकित्सा अधिकारी–वेतन वृद्धि

स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के सीनियर रेसीडेंट और प्रदर्शक, सहायक प्राध्यापक, सह प्राध्यापक और प्राध्यापक के वेतन में वृद्धि करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश एक सितंबर से राज्य के शासकीय मेडिकल कॉलेजों के लिए प्रभावी होगा। वहीं, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के संविदा चिकित्सकों के वेतन में भी वृद्धि की गई है।

**माओवादी आत्मसमर्पण**

कांकेर जिले में आज चार माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें से दो माओवादियों पर पांच–पांच लाख और अन्य दो माओवादियों पर एक–एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। इन माओवादियों को राज्य सरकार की पुर्नवास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

**हीराकुंड बांध**

ओडिशा में बने हीराकुंड बांध के डूबान क्षेत्र में आने वाले छत्तीसगढ़ के गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से चर्चा की है। श्री साय ने ओडिशा के मुख्यमंत्री से हीराकुंड बांध से पानी छोड़ने का अनुरोध किया, ताकि रायगढ़ जिले के गांवों में बाढ़ की आशंका पैदा न हो। इसके बाद ओडिशा के मुख्यमंत्री ने तत्काल अधिकारियों को हीराकुंड बांध से आवश्यक मात्रा में पानी छोड़ने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि हर साल हीराकुंड बांध के डूबान क्षेत्र में आने वाले छत्तीसगढ़ के करीब दो दर्जन गांवों को बाढ़ की विपदा झेलनी पड़ती है।

**कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल–राज्यपाल ज्ञापन**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधिमंडल ने बलौदाबाजार आगजनी, राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध को लेकर राजभवन में राज्यपाल रमेन डेका को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने राज्यपाल से बलौदाबाजार घटना की जांच उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की देखरेख में कराने की मांग की।

**मोहम्मद अकबर–याचिका खारिज**

बालोद जिला सत्र न्यायालय ने पूर्व वन मंत्री मोहम्मद अकबर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। मोहम्मद अकबर शिक्षक देवेंद्र ठाकुर की खुदकुशी मामले में आरोपी हैं। न्यायालय ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि विवेचना पूरी होने तक अकबर प्रथम दृष्टया दोषी हैं और उन्हें जमानत देने से साक्षी प्रभावित हो सकते हैं। इस मामले में बालोद पुलिस ने पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और विवेचना जारी है।

**संक्षिप्त समाचार**

– राज्य शासन ने गरियाबंद जिले के देवभोग को नगर पंचायत बनाने के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

– दुर्ग के हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में बीए, बीएससी, बीए–बीएड, बीएससी–बीएड और बीएससी गृह विज्ञान की पूरक परीक्षाएं सोलह सितंबर से आयोजित की जाएंगी।

– महासमुंद जिले के सरायपाली उप पंजीयक कार्यालय में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने उप पंजीयक को छब्बीस हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

– जांजगीर–चांपा जिले के देवरघटा गांव में हर घर जल उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों, ग्रामीणों और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ ही जल जीवन मिशन के समन्वयक शामिल हुए।

– कोरिया जिला स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में आज स्वर्ण जयंती मशाल यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम और वैज्ञानिक परिरचर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें पच्चीस से अधिक किसानों ने हिस्सा लिया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>